No. of Printed Pages/Questions: 12 / 15

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2023 – 2024) Set B**

**Class / Section: XI** **MM: 80**

**Subject: Hindi Core (Code 302)** **Time: 3:00 Hrs**

Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देशः

1 इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड है–खण्ड'अ' और खण्ड'ब'। खण्ड'अ' में वस्तुपरक तथा खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

2 खण्ड'अ' में कुल 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं,जिनमें से 40 प्रश्नों के उत्तर देने है।

3- खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

4 दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

5 यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खण्ड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

## अपठित बोध

**प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। (1X10=10)**

आज की दुनिया के संदर्भ में दो बातों का ध्यान रखना आवश्यक है - हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां परफेक्शन का बोलबाला है | इसमें से प्रत्येक किसी न किसी के प्रति किसी हद तक जवाब देह है | ऐसे परिदृश्य में सबसे कठिन हो जाता है , अपनी आलोचना को स्वीकार कर पाना | हालांकि यह भी सच है कि कैसी भी आलोचना स्वीकारना मुश्किल ही होता है, भले ही वह हमारी भलाई के लिए ही क्यों ना हो | आलोचना एक दो धारी तलवार की तरह होती है

एक ओर आप इसके आधार पर अपने झूठे अहं को दरकिनार कर गहरी समझ विकसित कर सकते हैं , तो एक ओर आलोचना को दिल पर लेकर संबंधित शख्स से अपने संबंध बिगाड़ सकते हैं कह सकते हैं कि यह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है कि वह आलोचना को किस तरह लेता है | उससे अपना विकास करता है या झूठ अहं में पड़ अपने को ही सही मानता रहता है | भले ही आलोचना कितनी ही चोट क्यों ना पहुंचाएं लेकिन दूसरे को पूरे ध्यान व गंभीरता के साथ सुनें। आलोचना रूपी सलाह को सिरे में खारिज करने से बेहतर होगा कि जो सही हो उसे आत्मसात करें | उसे स्वीकार कर स्वयं का विकास करें | इस क्रम में अपनी निर्णायक क्षमता को बेहतर प्रयोग कर वही बातें स्वीकार करें जो आप पर लागू होती है | ऐसा ना हो की आलोचना का वह हिस्सा भी मान लो जो आप पर लागू ही ना होता हो।

भले ही आप कितने ही सफल क्यों ना हो जाए लेकिन यह ध्यान रखें कि सुधार की संभावना हमेशा रहती है | इसे मान लेने से सकारात्मक आलोचना अपने हित में लेने की आदत हो जाती है | इसके लिए दिमाग हमेशा खुला रखने की आवश्यकता है | किसी ने कोई बात की , जो आलोचना है , तो तुरंत ही किसी निर्णय पर पहुंचने के बजाय उस बात पर गंभीरता से मनन करें | ईमानदारी से विचार करें कि कही बात में कहीं भी कोई रत्ती भर की सच्चाई है | आलोचनात्मक टिप्पणी की सारगर्भिता का सही आकलन परिपक्वता और विकास की दिशा में उठा पहला कदम होता है |

बात भले आचार व्यवहार जीवन शैली में बदलाव की हो या फिर कार्यशैली में परिवर्तन की हमें हमेशा जागरूक रहना होगा कि हम कैसे इन क्षेत्रों में अपनी शक्ति बढ़ा सकते हैं | आलोचना दो तरह की होती है | एक का मकसद आपकी कमियों को सामने लाकर उसे दूर करना होता है जबकि एक महज ईर्ष्यावश या पूर्वाग्रह से ग्रसित होती है | आवश्यकता इसके अंतर को समझने की है | कमियों को इंगित करती यानी सकारात्मक आलोचना को अंगीकार करने की आवश्यकता है , जबकि नकारात्मक आलोचना और उसे करने वाले से दूरी बनाने में ही भलाई निहित है |

(i) कमियों को सामने लाकर उन्हें दूर करना किस प्रकार की आलोचना के अंतर्गत आएगा ?

अ नकारात्मक आलोचना ब पूर्वाग्रही आलोचना

स सकारात्मक आलोचना द ईर्ष्यावश की गई आलोचना

(ii) आचार - व्यवहार , जीवन - शैली कार्यशाली आदि क्षेत्रों में हम अपनी शक्ति कैसे बढ़ा सकते हैं ?

अ चिंतन मनन करके ब पूर्णधारणा बनाकर

स जागरूक रहकर द समाज से सीख कर

(iii) प्रस्तुत गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?

अ आलोचक के गुण ब व्यक्ति विशेष की मनः स्थिति पर

स व्यक्ति की कमियों पर द आलोचना के महत्व पर

(iv) अपनी निर्णायक क्षमता का बेहतर प्रयोग करके आलोचना में से किसे स्वीकार करना चाहिए ?

अ वे बातें जो दूसरों पर लागू हो ब वे बातें जो स्वयं पर लागू होती हो

स वे बातें जो पीड़ा पहुंचाएं द वे बातें जो दूसरों के हित में हो

(v) किसी बात को मान लेने से सकारात्मक आलोचना अपने हित में लेने की आदत हो जाती है ?

अ दूसरों की कही प्रत्येक बात | ब मनुष्य गलतियों का पुतला है

स सामाजिक संबंध सर्वोपरि है | द सुधार की संभावना हमेशा रहती है

(vi) "आलोचना एक दो धारी तलवार की तरह होती है" - पंक्ति से क्या आशय है ?

अ आलोचना के माध्यम से व्यक्ति अपनी अहंकार को दूर कर गहरी समझ विकसित कर सकता है

ब आलोचना को दिल पर लेकर संबंधित व्यक्ति से अपने संबंध बिगाड़ सकता है

स अ और ब दोनों

द आलोचना के द्वारा व्यक्ति अपना सर्वस्व अस्तित्व समाप्त कर लेता है

(vii) अपने झूठे अहंकार को एक और रखकर गहरी समझ किसके माध्यम से विकसित कर सकते हैं ?

अ व्यक्ति विशेष के | ब परफेक्शन के

स आलोचना के | द ध्यान के

(viii) आलोचना को आत्मसात करके क्या किया जा सकता है ?

अ दूसरों की बुराई | ब स्वयं की निंदा

स स्वयं का विकास | द संबंधों को खराब

(ix) आलोचना को स्वीकारना मुश्किल क्यों होता है ?

अ क्योंकि वर्तमान समय में इसे बुराई का पर्याय माना जाता है

ब क्योंकि इसमें सत्य निहित होता है

स क्योंकि यह केवल कमियों की ओर इशारा करती है

द क्योंकि इसमें केवल असत्य का भाव निहित होता है

(x) किस प्रकार की आलोचना को स्वीकार करना चाहिए ?

अ नकारात्मक | ब सकारात्मक

स सामान्य | द असामान्य

**प्र02 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** **(1X5=5)**

तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार

आज सिंधु ने विष उगला है

लहरों का यौवन मचला है

आज हृदय में और सिंधु में

साथ उठा है ज्वार |

यह असीम निज सीमा जाने

सागर भी तो यह पहचाने

मिट्टी के पुतले मानव ने

कभी न मानी हार |

लहरों के स्वर में कुछ बोलो

इस अंधड़ में साहस तोलो

कभी-कभी मिलने जीवन में

तूफानों का प्यार |

सागर की अपनी क्षमता है |

पर नाविक भी कब थकता है |

जब तक सांसों में स्पंदन है |

उसका हाथ नहीं रुकता है

इसके ही बल पाव कर डाले सातों सागर पर

तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार |

(i) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| 1 तूफान और अंदर | (a) साहसी मनुष्य |

2 नाविक (b) साहस या उत्साह

3 ज्वार (c) चुनौतियां

**कूट**

| | 1 2 3 | | 1 2 3 |
|---|---|---|---|
| अ | c, a, b | ब | a, c, b |
| स | a, b, c | द | b, a, c |

(ii) मनुष्य ने कब तक हार नहीं मानी ?

अ जब तक उसके शरीर में प्राण है ब जब तक वह थकता नहीं है

स जब तक अपनों का साथ है द इनमें से कोई नहीं

(iii) कवि ने मिट्टी के पुतले की उपमा किसे दी है ?

अ पशु को ब खिलौने को

स मानव को द दानव को

(iv) कवि ने नाविक से क्या अनुरोध किया है ?

अ कि वह अकेला न जाए अ कि वह समुद्र से दूर रहे

अ कि वह कठिनाइयां में डटा रहे अ उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) कभी-कभी मिलाता जीवन में तूफानों का प्यार " से क्या आशय है ?

अ प्रेयसी का प्रेम मुसीबत में ही मिलता है

ब चुनौतियों का सामना करने के अवसर कब मिलते हैं

स तूफानों में ही सगे संबंधियों की पहचान होती है

द जीवन में कभी-कभी मुसीबतें आती

**प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए– (1X5=5)**

(i) निम्न में जनसंचार का कार्य नहीं है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | मनोरंजन करना | ब | निगरानी करना |
| स | व्यवहार पर नियंत्रण करने का प्रयास करना | द | एजेंडा तय करना |

(ii) निम्न में से हस्ताक्षरित संपादकीय किसे कहा जाता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | कार्टोग्रफ को | ब | कार्टून कोने को |
| स | फोटो पत्रकारिता को | द | संपादकीय को |

(iii) निम्न में से कौन–सा अखबार या पत्रिका आजादी के बाद की है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | दिनमान | ब | हिंदुस्तान |
| स | केसरी | द | हंस |

(iv) कॉलम 'क' का कॉलम 'ख' से उचित मिलान कीजिए

| कॉलम 'क' | कॉलम 'ख' |
|---|---|
| 1 पहली बोलती फिल्म | (a) जिज्ञासा |
| 2 पत्रकारिता का मूल तत्व | (b) आलमआरा |
| 3 समाचार का महत्वपूर्ण पृष्ठ | (c) गोवा |
| 4 पहला प्रिंटिंग प्रेस | (d) संपादकीय |

कूट

| | 1 2 3 4 | | 1 2 3 4 |
|---|---|---|---|
| अ | d, b, c, a | ब | c, a, d, b |
| स | a, b, c, d | द | b, a, d, c |

(v) वॉचडॉग पत्रकारिता से आशय है –

अ दबाए या छुपाए गए तथ्यों को गहरी छानबीन द्वारा सामने लाने का प्रयास करना

ब विभिन्न घटनाओं और समाचारों पर अपनी राय व्यक्त करना

स स्रोत के आधार पर समाचार एकत्रित करना

द विशेष तथ्यों को सामने लाना

**प्र04 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

ना हो कमीज तो पाँवों से पेट ढँक लेंगे

ये लोग कितने मुनासिब है इस सफर के लिए |

खुदा नहीं , न सही आदमी का ख्वाब सही ,

कोई हसीन नजारा तो है नजर के लिए |

(i) प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने किन पर कटाक्ष किया है ?

अ भारतीयों की दबी कुचली अशक्त आवाज पर

ब भारतीयों की व्यवस्था पर

स शासन की व्यवस्था पर

द देश की स्थिति पर

(ii) देश के शासको के लिए कैसे लोग अनुकूल होते हैं |

अ जो विरोध तथा संघर्ष नहीं करते

ब जो अपने प्रति उदासीन होते हैं

स जो बहुत ही संतोषी होते हैं

द उपरोक्त सभी

(iii) कवि के अनुसार इस देश के लोग कैसे हैं ?

अ यहां के लोग साधन संपन्न है

ब यहां के लोग अत्यंत विपन्न है

स यहां के लोग अभाव का रोना नहीं रोते

द यहां के लोग अभाव में रोते कलपते हैं

(iv) पाँवों से पेट ढकना का क्या अर्थ है ?

अ अपने अभावों को छुपाना ब अपना व्यवहार सही करना

स संघर्ष करना द झगड़ा न करना

(v) कवि के अनुसार यहां के लोगों का भगवान कैसा है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | कल्पनात्मक | ब | यथार्थ |
| स | वास्तविक | द | सम्मुख |

**प्र05 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

"यह हम नहीं कर सकते |" सेक्रेटरी ने कहा – "और जो हम कर सकते थे , वह हमने कर दिया है , बल्कि हम तो यहां तक कर सकते हैं कि अगर तुम मर जाओ तो तुम्हारी बीवी को वजीफा दे सकते हैं , अगर तुम दरख्वास्त दो तो हम वह भी कर सकते हैं |"

"मैं अभी जीवित हूं |" कवि रुक-रुक कर बोला "मुझे जिंदा रखो |"

"मुसीबत यह है |" सरकारी साहित्य अकादमी या सेक्रेटरी हाथ मलते हुए बोला "हमारा विभाग सिर्फ कल्चर से संबंधित है । पेड़ काटने का मामला कलम–दवात से नहीं आरी–कुल्हाड़ी से संबंधित है। उसके लिए हमने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को लिख दिया है और अर्जेंट लिखा है |"

(i) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए –

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| 1 कवि | (a) पेड़ के नीचे दबा आदमी |
| 2 दरख्वास्त देना | (b) निवेदन न करना |
| 3 अर्जेंट | (c) शीघ्रता करना |

**कूट**

| | 1 2 3 | | 1 2 3 |
|---|---|---|---|
| अ | c, a, b | ब | a, c, b |
| स | a, b, c | द | b, a, c |

(ii) सेक्रेटरी ने किस चीज को असमर्थता जताई ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | दबे हुए व्यक्ति को बाहर निकालने की | ब | कविताएं सुनने की |
| स | वजीफा देने की | द | उपरोक्त सभी |

(iii) कवि क्या चाहता था ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | मुझे जिंदा रखो | ब | मेरी कविताएं छापो |

स मेरी शायरी सुनो

द मेरी ऊपर तक बात पहुंचाओ

(iv) आरी– कुल्हाड़ी में कौन सा समास है ?

अ द्विगु समास

ब तत्पुरुष समास

स बहुव्रीहि समास

द द्वंद्व समास

(v) सेक्रेटरी ने दबे हुए आदमी को क्या आश्वासन दिया ?

अ अगर तुम मर जाओ तो तुम्हारी बीवी को वजीफा दे सकते हैं

ब तुम्हारी दरख्वास्त ले सकते हैं

स अ और ब दोनों -----------

द उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्र06 अपनी पूरक पुस्तक वितान भाग 1 के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ।** (1×10=10)

(i) बेबी हालदार को काम दिलवाने में किसने मदद की ?

अ सुनील ने

ब भोला दा ने

स उसके भाई ने

द ये सभी

(ii) मरुभूमि के विकसित किए गए समाज ने वहाँ उपलब्ध पानी को कितने रूपों में बाँटा गया है ?

अ चार

ब छः

स आठ

द तीन

(iii) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ के अनुसार पालर पानी क्या होता है ?

अ जो पानी धरातल पर रहता है

ब जो पानी कुंई में जमा होता है

स जो पानी जमीन के अंदर जमा है

द उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) बेबी का विवाह कितने वर्ष की आयु में हुआ था ?

अ 10 वर्ष की आयु में

ब 15 वर्ष की आयु में

स 13 वर्ष की आयु में | द 16 वर्ष की आयु में

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

1 बेबी हालदार को किताबे पढ़ने का शौक था

2 तातुश ने बेबी हालदार को अपने घर में आश्रय दिया

3 तातुश ने लेखिका के बच्चों को अपने घर में नौकर रख लिया

4 तातुश ने बेबी हालदार को नया घर बनवा कर दिया

**उपरोक्त में से कौन–सा कथन सही है ?**

अ केवल 1 और 2 | ब 1, 2 और 3

स 2 , 3 और 4 | द 4 , 2 और 3

(vi) चित्रपट संगीत का स्थायीभाव है –

अ गंभीरता | ब परिष्कृत

स चपलता | द चमकना

(vii) श्री विलायत खाँ कौन–से संगीत में पारंगत हो चुके थे ?

अ तबला बजाने में | ब बैंजो में

स सितार वादन में | द बाँसुरी वादन में

(viii) चेलंबाजी अपने सिर पर किस प्रकार का टोप पहनते हैं ?

अ किसी धातु के बर्तन का | ब सूती कपड़े से बना

स लकड़ी से बना | द इनमें से कोई नहीं

(ix) निम्नलिखित कथन और करण को ध्यान पूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

**कथन** (A) कथन बेबी हालदार तातुश को अपने पिछले जन्म का बाबा मानती है।

**कारण** (R) तातुश बेबी और उसके बच्चे का पूरा ख्याल रखते हैं।

**कूट**

अ कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है

ब कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है

स कथन (A) और कारण(R)दोनों सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

द कथन(A)और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(x) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेस्कर पाठ के अनुसार गाने की सारी मिठास का कारण क्या है ?

अ रंजकता  ब लय–ताल

स सही उच्चारण  द धुन

**खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (जनसंचार और सृजनात्मक लेखन)**

**प्र07 निम्नलिखित तीन अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए –** **(5X1=5)**

क) परोपकार की भावना व्यक्ति को मनुष्य बनाती है।

ख) वर्तमान युग में रिश्ते–नातों की कम होती अहमियत

ग) विद्यालय से लौटते समय जाम में फँस जाना

**प्र08** अपने नगर में बाढ़ एवं घनघोर वर्षा के बाद के जल–भराव एवं गंदगी के कारण संक्रमण रोग फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए। **( 5 )**

**अथवा**

सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते हुए धूम्रपान तथा उसके कारण संभावित रोगों की ओर संकेत करते हुए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को 80–100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**प्र09 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।** **(2X2=4)**

क) डाायरी लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

ख) स्ववृत्त किसे कहते है ? इसके कितने पक्ष होते है ?

ग) शबदकोश क्या है ?

**प्र010 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दीजिए।** **(3X1=3)**

ख) डायरी एक व्यक्तिगत दस्तावेज कैसे है ?

ग) नाटक और फिल्म की पटकथा में अंतर लिखिए।

**प्र011 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए।** **(3X2=6)**

क) मीरा संसार के लोगों को देखकर दुखी क्यों हो जाती है ?

ख) आपके विचार में चंपा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मै तो नहीं पढ़ूँगी ? 'चंपा काले अच्छर नहीं चीन्हती' पाठ के आधार पर लिखिए।

ग) कवयित्री अक्क महादेवी किसका संदेश लेकर आई है और क्यों ?

**प्र012 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।** **(2X2=4)**

क) कवि ने किस आशय से मेहनत की लूट, पुलिस की मार ,गद्दारी –लोभ को सबसे खतरनाक नहीं माना ? 'सबसे खतरनाक' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) घर से अलग होकर आप घर को किस तरह से याद करते हैं ? लिखिए।

ग) बस्तियों को शहर की किस आबो –हवा से बचाने की आवश्यकता है ?

**पाठ्य–पुस्तक आरोह भाग–1**

**प्र013 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए।** **(3X2=6)**

क) नमक का दारोगा कहानी धन पर धर्म की विजय की कहानी है। स्पष्ट कीजिए।

ख) 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

ग) लॉर्ड कर्जन को स्तीफ़ा क्यों देना पड़ा ? 'विदाई संभाषण' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्र014 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।** **(2X2=4)**

क) वंशीधर तिवारी ने मोहन को पढ़ने के लिए लखनऊ क्यों भेजा ?'गलता लोहा' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) रजनी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

ग) वर्तमान समय में किसानों की स्थिति किस सीमा तक बदली है ? 'भारत माता' पाठ के आधार पर लिखिए।

**पाठ्य–पुस्तक वितान भाग–1**

**प्र015 निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों में दीजिए।** **(3X1=3)**

क) बेबी के जीवन में तातुश का परिवार न आया होता, तो उसका जीवन कैसा होता ? आलो–आँधारि पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) चित्रपट संगीत की लोकप्रियता का क्या कारण है ? 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर' पाठ के आधार पर लिखिए।

–––000–––